Hindustan.
Dated - 24.03.2018

तलवाड़ी कालेज में शिविर शुरू

थराली। तलवाड़ी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के पीटीए अध्यक्ष शंकर लाल ने किया। महाविद्यालय के प्राचार्य एनएस बनकोटी ने शिविरार्थियों को शिविर को सफल संचालित करने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुये शिविर के सात दिनों में महाविद्यालय परिसर एवं उसके आस-पास के गांवो में जाकर वहां साफ एवं स्वच्छ बनाने की अपील की गई। साथ ही ग्रामीणों को स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, मूल कर्तव्य एवं अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर प्रमुख कार्यक्रम अधिकारी डा दीक्षा भट्ट, डा पंकज भट्ट, प्रदीप सती, विक्रम सिंह, गजे सिंह, अनुज कुमार, रविंद्र थे।